
खुलेमें बिना सुरक्षा जालीके रखे ट्रान्सफार्मर खतरेको दे रहे दावत

शिकायतपर लकड़ी एवं प्लास्टिककी लगायी जाती हैं जाली

नगर के दर्जनों विद्युत उपकेन्द्रों से जुड़े इलाकों में ट्रान्सफार्मर और उसके



उपकरणों के आस पास लगी सुरक्षा लोहे की जालियां गायब हो चुकी है। अब खुले में रखे ट्रान्सफार्मर खतरे को दावत देते नजर आ रहे हैं। इस समय नगर के अल्लापुर, तेलियरगंज, छोटा बघाड़ा, बघाड़ा, करेली, करेलाबाद सहित कई स्थानों पर सुरक्षा जाली पूरी तरह से नदारत हो चुकी है। हालांकि कुम्भके दौरान नगर के चप्पे चप्पे पर सुरक्षित कुम्भ के संदेश के चलते महंगे बजट की जालियां ट्रान्सफार्मरों और उपकरणों के चारों तरफ लगायी गयी। जो अब या तो गयाब हो गयी या तो क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। करेली के करामत चौकी के करीब सड़क पर बिजली का ट्रान्सफार्मर खुला पड़ा हुआ है। उसके आस पास सुरक्षा गेट या मजबूत जाली नहीं लगी है। स्थानीय लोगों ने ट्रान्सफार्मर के चारों और सुरक्षा घेरा लगाने की मांग की है। यहां गली मोहल्लों से दिन रात लोगों का गमनागमन होता रहता है। खुले ट्रान्सफार्मरों से बच्चों और बुजुर्गों को खतरा रहता है। लोगों के मुताबिक ट्रान्सफार्मर के चारों और लोहे की मजबूत लोहे की सुरक्षा जाली लगाया जाना चाहिए। ताकि लोग बिजली के उपकरणों तक सीधे न पहुंच सकें। बिजली विभाग से जल्द सुरक्षा जाली लगाये जाने की मांग किया है। इतना ही नहीं आये दिन खुले ट्रान्सफार्मरों के तारों की चपेट में छुट्टा जानवर अपनी जान गवांते रहते हैं, या कुछ बिजली के झटके खाकर घायल हो जाते हैं। नगर के जिन स्थानों पर ट्रान्सफार्मर के आस पास लोहे की लगायी सुरक्षा जाली टूट चुकी है। ऐसे स्थानों में अब बिजली विभाग लकड़ी की सुरक्षा जाली के जरिये बैरिकेडिंग करा रहा है। बघाड़ा क्षेत्र में काफी दिन से ट्रान्सफार्मर जाली टूटी रही है। यहां सड़कों के करीब से लोगों का गमनागमन होता रहा है। यही नहीं कई बार ट्रान्सफार्मर की चपेट में मवेशी आये, और दुर्घटना हुई। जिसे देखते हुए बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लोहे की जाली का इंतजाम न होने पर तत्काल लकड़ी की सुरक्षा जाली लगाया है।

१८ सूत्रीय मांगोंको लेकर फार्मासिस्टोंका आंदोलन जारी

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन की जिला शाखा की ओर से १८ सूत्रीय लंबित मांगो के समर्थन में चल रहा आंदोलन तेज हो गया है।

शनिवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बैठक कर आगामी राज्य स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा एवं रणनीति तक की।

इससे पूर्व शुक्रवार को संघटन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मांग पत्र सौंपकर शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया था।

थरवईमें नाबालिग छात्रासे सामूहिक दुराचारका आरोप

झाड़ियोंमें बेसुध मिली किशोरी, जांचमें जुटी पुलिस

थरवई थाना क्षेत्र में १४ वर्षीय नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुराचार के आरोप का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी गांव में ही रामलीला मैदान के समीप झाड़ियों में बेसुध पाई गई। पीड़ित के प्रधान पिता ने गांव के ही तीन युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता से पूछताछ की गयी है। पीड़िता का मेडिकल कराया जायेगा।युवकों की तलाश की जा रही है। एक ग्राम प्रधान की १४ वर्षीय बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। उनकी तहरीर के मुताबिक, १२ नवंबर की रात परिवार के लोग भोजन के बाद सो गए थे। सुबह जागे तो बेटी गायब थी। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तो करीब डेढ़ बजे वह घर से बाहर जाती दिखी। तलाशने पर घर से करीब पांच सौ मीटर दूर दोपहर एक बजे वह झाड़ियों में मिली। होश आने पर उसने तीन युवकों का नाम लेते हुए बताया कि उन्होंने घर के खाने में मिलाने के लिए एक दवा दी थी। वह घर से निकली तो मुख्य आरोपित झांसा देकर उसे रामलीला मैदान के पास ले गया, जहां तीनों ने उसके साथ दुराचार किया और फिर उसे वहीं छोड़कर चले गए। तहरीर मिलने पर शनिवार को एसीपी थरवई, थाना प्रभारी पंकज सिंह मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार ने बताया कि दुराचार के आरोप की शिकायत मिली है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये है। किशोरी अकेले घर से निकलते हुए दिखायी दे रही है। सामूहिक दुराचार की बाद स्पष्ट नहीं है। युवकों की तलाश के लिए टीमें गठित की गयी है। पीड़िता का मेडिकल कराया जायेगा। बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी। हालांकि पीड़ित परिवार से पुरानी रंजिश की बात भी सामने आयी है।

पेंशनरोंको दिया डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनानेका प्रशिक्षण

गवर्नमेंट पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक शनिवार को पूर्व मंडलायुक्त आरएस वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन में हुई। बैठक में सर्वप्रथम सदस्य श्रीमती जयश्री श्रीवास्तव को राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में भारत प्रतिभा सम्मान पाने के उपलक्ष्य में उनका अभिनंदन किया गया। बैठक के दौरान कोषागार से आए अतुल कुमार, विमलेश सहायक कोषाधिकारी, सुदेश मिश्रा, राजेन्द्र पांडे, राजेन्द्र पटेल आदि ने पेंशनर्रा को डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया और लगभग १०० सदस्यों के लाइव सर्टिफिकेट बनाये गए। सदस्यों की पेंशनर्स दिवस पर समस्याओं के शीघ्र, पूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगायी। सदस्यों ने आठवें वेतन आयोग से संबंधित मांगों पर अब तक शासन द्वारा कोई ध्यान न देने पर आक्रोश व्यक्त किया और पुरानी पेंशन बहाल करने, वित्त अधिनियम डवैलिडशन क्लास. खत्म करने और १ जनवरी २०२६ के पूर्व के और बाद के पेंशनर्स को समान लाभ देने के लिए टीओआर में संशोधन करने, १ जनवरी २०२६ से अंतरिम राहत देने आदि की मांग पुनः दोहरायी। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि अगर शासन स्तर पर सुनवाई अब भी नहीं की गई तो १२ दिसम्बर को राम लीला मैदान, दिल्ली में सब एकजुट होकर रैली करेंगे और सत्ता परिवर्तन पर विचार करेंगे। पेशनरों ने अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया।

डिजिटल युगमें भी पुस्तकालयोंकी प्रासंगिकता कम नहीं-दुबे

पठन-पाठनकी संस्कृति बढ़ानेके लिए उप्र पुस्तकालय संघकी विचार गोष्ठी

राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह १४ से २० नवम्बर के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ प्रयागराज शाखा द्वारा आज एक विचार गोष्ठी का आयोजन कुलभाष्कर आश्रम डिग्री कालेज में किया गया। इसका उद्देश्य समाज में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना और आधुनिक दौर में पुस्तकालयों की बदलती भूमिका पर प्रकाश डालना था। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष प्रो. टी. एन. दुबे ने कहा कि डिजिटल युग में भी पुस्तकालयों की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है, बल्कि ज्ञान के व्यवस्थित प्रसार के लिए इनका महत्व और बढ़ गया है। अध्यक्षता करते हुए कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज शाखा के प्रधानाचार्य लाल जी मिश्रा ने विद्यार्थियों और युवाओं को पुस्तकालयों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, संघ के उपाध्यक्ष प्रो. प्रमोद यादव ने पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण और शोध कार्यों में उनकी उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किये। संचालन करते हुए सचिव श्याम बहादुर ने पुस्तकालय सप्ताह के महत्व और संघ की आगामी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। अंत में, संयुक्त सचिव डाक्टर शिखा जायसवाल ने सभी अतिथियों, शिक्षाविदों और उपस्थित विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर बिपिन कुमार, प्रोफेसर ए सी सिंह , डाक्टर प्रेम चंद्र, डाक्टर पुनीत अग्रवाल, श्रीमती एकता अरोड़ा, श्रीमती रति सिंह, हरी लाल, मोहन लाल, राम चन्दर यादव, नीलेश कुमार, आयुष, दीपक कुमार एवं अन्य कर्मचारी, विद्यार्थी एवं पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे।

करेलीमें तारोंके लोडसे खम्भा झुका

करेली के कई इलाकों में जर्जर तार और खम्भे को लेकर निरंतर समस्या बनी हुई है। हाल ही में नगर में आयी आंधी के दौरान कई खम्भे तार के साथ झुक गये जिस पर बिजली कर्मचारियों ने खम्भों पर पैचिंग कर

दुर्घटनाकी आशंका, बिजली विभागसे बदलनेकी मांग

सीधे कर दिये। लेकिन धीरे धीरे वह फिर से तारों के लोड से झुकना शुरू हो गये हैं। करेली के शम्स नगर में सोलह मार्केट के पास तारों के लोड से खम्भा झुक गया है। इलाके के लोगों का कहना है कि खम्भा लगातार एक तरफ झुक रहा है। बिजली विभाग ने अभी तक इसे ठीक करने या बदलने का व्यवस्था नहीं किया है। खंभा कभी भी सड़क पर गिर सकता है। जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा हो सकता है। यहां बाजार के कारण लोगों की दिन भर आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से नये खम्भे को लगाये जाने की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसी तरह करामत की चौकी के पीछे एक गली में भी बिजली के तार नीचे की तरफ झूल रहे हैं। कुछ तार घरों की दीवारों और बालकनी को छू रहे हैं। गली से गुजरने वाले चार पहिया वाहन भी इनके संपर्क में आ रहे हैं। शिकायत के बावजूद बिजली कर्मचारियों ने इसे ठीक नहीं किया। स्थानीय लोगोंने अपने स्तर से प्रयास करते हुए बालकनी से रस्सी बांधकर ढीले तार ऊपर कर रखें हैं। जिससे तार नीचे गिरने और वाहनों के टकराने से बच सकें। यही नहीं आस पास के खंभों पर भी तारों का जाल फैला हुआ है। लोगों का कहना रहा है कि ढीले तारों की शिकायत कई बार बिजली विभाग को की गयी है। लेकिन अभी तक कोई काररवाई नहीं की गयी। तार घरों की दीवारों को छूकर गुजरते हैं। बालकनी में बच्चे खेलते रहते हैं।

सेंट जान्स चर्चके १५६वें स्थापना दिवसपर थैंक्स गिविंग सर्विसमें उमड़े श्रद्धालु

नन्हे-मुन्ने बच्चोंकी मनमोहक प्रस्तुतियों एवं गीतोंने मन मोहा



काट्जू रोड स्थित ऐतिहासिक सेंट जॉन्स चर्च का १५६वां स्थापना दिवस शनिवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष मौके पर शनिवार शाम ५ बजे चर्च परिसर में भव्य 'थैंक्स गिविंग सर्विस' (धन्यवाद प्रार्थना सभा) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कलीसिया के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर परमेश्वर की स्तुति व आराधना की।

समारोह में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डायोसिस आफ लखनऊ के बिशप मोरिस एडगर दान मौजूद रहे। उन्होंने पवित्र बाइबिल के पाठ भजन संहिता १००:४ जहां लिखा है 'धन्यवाद करते हुए उसके फाटकों से, और स्तुति करते हुए उसके आंगनों में प्रवेश करो; उसका धन्यवाद करो, और उसके नाम को धन्य कहो' के आधार पर प्रभु का वचन साझा किया। उन्होंने इस वचन का महत्व समझाते हुए बताया कि 'परमेश्वर के भवन में प्रवेश करने की पहली शर्त कृतज्ञता और धन्यवाद है। १५६ वर्षों का यह सफर परमेश्वर की असीम कृपा और कलीसिया की अटूट आस्था का प्रतीक है। हमें अपने जीवन के हर उतार-चढ़ाव में प्रभु का धन्यवाद करना चाहिए और समाज में प्रेम, शांति व नि:स्वार्थ सेवा का संदेश फैलाना चाहिए।'

कार्यक्रम का संचालन कर रहे चर्च प्रेसबाइटर इंचार्ज रेव. शशि प्रकाश ने सभी का स्वागत किया और अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 'यह स्थापना दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन और परमेश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। कलीसिया की एकता और प्रार्थना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।'समारोह का मुख्य आकर्षण संडे स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत विशेष कार्यक्रम रहा।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों और गीतों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया और उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही यूथ फेलोशिप और डब्लूएफसीएस की ओर से भी विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी डायोसिस आफ लखनऊ के मीडिया प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने दी।

इस खास मौके पर विक्टर हेनरी, अजय ग्रे, विमल प्रसाद, सैमसन मसीह, मार्था मैसी, सिल्विया ऐलिस, रीता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

कैंसरके उपचारमें मांसपेशियोंकी कमी बन रही बड़ी चुनौती

एमएलएन मेडिकल कालेज एवं बीएचयू के संयुक्त शोधमें खुलासा

कैंसर के उपचार के दौरान मरीजों के शरीर में मांसपेशियों की कमी (लो मसल मास) उनकी जान के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकमी है। इसकी वजह से मरीजों की कीमीथेरेपी सहने की क्षमता कम हो जाती है और उपचार के बाद ठीक होने से भी अधिक समय लगता है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के रेडिएशन आन्कोलाजी और फार्माकोलाजी विभाग की ओर से कैंसर रोगियों के उपचार -पूर्व स्वास्थ्य मूल्यांकन के लिए 'बायोइलेक्ट्रिकल इम्पीडेंस एनालिसिस विषय पर यह शोध किया गया।इस शोध टीम में एमएलएनएमसी के डा. अनिल कुमार मौर्य, डा. डीके निम, डा. वीरेन्द्र सिंह एवं काशी हिन्दू विवि के डा. ललित मोहन अग्रवाल, डा. सुनील चौधरी शामिल रहे। इस अध्यन में कुल २१२ कैंसर मरीजों को शामिल किया गया, जिसमें १२० पुरूष एवं ९२ महिलाएं थीं। अध्ययन के अनुसार ५० वर्ष से कम आयु वर्ग के ९४ मरीजों में मांसपेशियों की कमी दर्ज की गयी, जबकि ५० से ६५ वर्ष आयु वर्ग के ९३ प्रतिशत मरीज इस समस्या से प्रभावित मिले। शोध में पाया गया कि यदि मरीज का वजन सामान्य होने एवं बीएमआई ठीक होने का मतलब यह नहीं है कि उसके शरीर में मांसपेशियां भी पर्याप्त है। कई बार मरीज बाहर से सामान्य दिखता है, लेकिन उसके शरीर में मांसपेशियों की मात्रा कम रहती है।

दहेजके लिए गर्भवती महिलाको पीटा, गर्भपात

दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने गर्भवती विवाहिता को बेरहमी से पीटा। आरोप है कि इस दौरान जेठ ने उसके पेट में जोर से लात मार दी, जिससे दो माह का गर्भ खराब हो गया। विवाहिता के पिता की तहरीर पर करेली पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।करेली के

पति सहित आठ नामजद

गौसनगर निवासी नौशाद अहमद ने बेटी अंजुमन बानो की शादी जून २०२५ को नवाबगंज के रेऊआ बाजार निवासी मोहम्मद यासीन से की थी। पिता का आरोप है कि दहेज देने के बावजूद शादी के दूसरे दिन से ही पति यासीन, ससुर शाहजहां, देवर अशरफ व सद्दाम, ननद , ननदोई वसीम और जेठानअतिरिक्त दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा। पिता के मुताबिक, पांच अगस्त २०२५ को दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। इसी दौरान जेठने उसके पेट पर जोर से लात मार दी। इससे वह जमीन पर गिर पड़ी और पेट में तेज दर्द होने लगा। सूचना मिलने पर पिता उसे मायके ले आए। डॉक्टर को दिखाने और अल्ट्रासाउंड कराने पर दो माह का गर्भ चोट के कारण खराब होने की जानकारी हुई। पिता ने रिश्तेदारों और बिरादरी के लोगों के माध्यम से समझौते का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद पुलिस आयुक्त के निर्देश पर करेली थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। करेली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शिक्षकों का धरना १८ को, बैठक कर तय की रूपरेखा

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा प्रयागराज की बैठक शिक्षक भवन साउथ मलाका में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने की तथा संचालन जिलामंत्री डा. शिव बहादुर यादव ने किया। बैठक में आगामी १८ नवंबर को प्रस्तावित धरना को लेकर रूपरेखा तय की गयी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर आगामी १८ नवंबर को १२ सूत्रीय मांगों के समर्थन में एसएसए कार्यालय मम्फोर्डगंज पर धरना दिया जाएगा और अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। यह धरना १८ को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर दिया जाएगा उन्होंने बताया कि १२ सूत्री मांगों जिसमें पुरानी पेंशन, पदोन्नति, लंबित स्थानांतरण, मृतक आश्रित पदों पर नियुक्ति, वेतन विसंगति, ईएल आदि मांग वर्षों से लंबित है। इसके साथ-साथ टेट अनिवार्यता, एसटीएफ द्वारा जांच, ट्रेनिंग के लिए ब्रिज कोर्स शिक्षकों पर लादे जाने के कारण शिक्षा समुदाय बहुत आक्रोशित है। सरकार ने यदि शीघ्र ही इन मांगों पर विचार नहीं किया तो प्रदेश के सभी शिक्षक लखनऊ में एकत्र होकर एक विशाल धरना देंगे। जिला मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी ब्लाकों के अध्यक्ष-मंत्री से कहा कि वह आगामी १८ नवंबर को अपने-अपने ब्लॉकों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ मम्फोर्डगंज स्थित एसएसए कार्यालय पर पहुंचकर शासन को शिक्षकों की शक्ति का एहसास कराए। बैठक में मनीष तिवारी जिला कोषाध्यक्ष, आदि मौजूद रहे।

परिवहन विभागका सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कलसे

परिवहन आयुक्त के निर्देश पर प्रयागराज स्थित सम्भागीय परिवहन अधिकारी में 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' मनाया जायेगा। यह पखवाड़ा १६ नवंबर से शुरू होकर ३० नवम्बर तक चलेगा। इसी क्रम में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगे। उत्तर प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली अकाल मौतों की संख्या में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस जनहितकारी अभियान की शुरुआत संभागीय परिवहन कार्यालय में सुबह ११ बजे होगी। संभागीय परिवहन कार्यालय में मुख्य अतिथि द्वारा सड़क सुरक्षा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस दौरान परिवहन अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाने के लिए बाइक और स्कूटी रैली भी निकाली जाएगी। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एसपी सिंह के अनुसार, विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रमों के तहत सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करना है।

मंगल कलश यात्राके साथ शुरू होगा विष्णु यज्ञ तुलसी विवाह महोत्सव

तुलसी विवाह महोत्सव समिति की ओर से आयोजित होने वाले विष्णु यज्ञ तुलसी विवाह महोत्सव का शुभारंभ १५ नवंबर से किया जाएगा। मंगल कलश यात्रा समिति के संस्थापक यज्ञाचार्य संतोषानंद महाराज एवं अध्यक्ष कृष्ण भगवान केसरवानी के नेतृत्व में विधि विधान पूर्वक बलुआ घाट बारादरी में मां यमुना घाट पर कलश पूजन कर धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाल कर विष्णु यज्ञ तुलसी विवाह महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। समिति के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि कलश यात्रा का शुभारंभ दोपहर दो बजे बलुआ घाट बारादरी से आरंभ होकर बलुआ घाट चौराहा, तिलक रोड, बासमंडी, मालवीय नगर से होते हुए कार्यक्रम स्थल तारा राम पीली संगत मालवीय नगर में संपन्न होगी। प्रवक्ता के अनुसार विष्णु यज्ञ तुलसी विवाह महोत्सव के सभी कार्यक्रम स्थल तारा राम पीली संगत मालवीय नगर आश्रम में संपन्न होगे। १६ नवंबर को मंडप वेदी आह्वान,१८ नवंबर को सुबह ८ से दोपहर १२ बजे तक वेदी पूजन एवं आहुति और शाम को ७ बजे तुलसी विवाह तिलकोत्सव का आयोजन किया जाएगा और १९ नवंबर को दोपहर १२ बजे सिलमायन और २० नवंबर विष्णु यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ दोपहर २ बजे भगवान शालिग्राम और माता तुलसी की भव्य बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी और और २१ नवंबर को प्रातः विवाह संपन्न होगा और विदाई का रस्म निभाते हुए भंडारे प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

घाटोंपर प्रकाश व्यवस्था बनानेमें जुटा बिजली विभाग

छठ पूजा के मद्देनजर संगम सहित नदियों के मुख्य घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाने जाने के निर्देश दिये गये है।

प्रदेश सरकार ने पर्व के मौके पर २४ घंटे निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति किये जाने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में संगम तटों के घाटों पर बिजली कर्मचारी बिजली लाइनों को बनाने में जुटे रहे हैं। रविवार एवं सोमवार को पर्व के मुख्य मौके पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को अर्घ्य देते समय किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए घाटों और संपर्क मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जा रही है।बिजली विभाग के अधिकारियों ने फाल्ट ठीक करने के लिए मरम्मत गैंग, ट्राली ट्रांसफार्मर और जरूरी उपकरण तैयार रखने के लिए कहा है। अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग करने, लोड जांचने तथा ढीले तारों और झुके खंभों को



दुरूस्त करने के निर्देश जारी किये हैं। अधिकारियों को बिजली लाइनों की नियमित निगरानी करने और ट्रान्सफार्मर और फीडर का लोड जांचने के निर्देश भी दिये हैं। ढीले तारों और झुके खम्भों को समय रहते ठीक करने पर जोर दिया गया है। ताकि पूजा स्थलों पर किसी तरह की दुर्घटना न हो सके। इस समय बिजली व्यवस्था में संभावित तकनीकी खराबियों को रोकने के लिए टीमें बिजली लाइनों, टान्सफार्मरों और अन्य बिजली के उपकरणों का निरीक्षण कर रही हैं। वहां मरम्मत और रखरखाव का कार्य कराया जा रहा है।

विधायकने किया सरकारकी उपलब्धियोंपर आधारित प्रदर्शनीका अवलोकन

शंकर विमान मंडपम (श्री बड़े हनुमान जी मंदिर के पास) छठ पर्व के मौके पर शनिवार को विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों पर आधारित सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से लगायी गयी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने में लगी विभिन्न चित्र दीर्घाओं का बारीकी से अवलोकन किया। विधायक ने प्रदर्शनी की सराहना की तथा प्रदर्शनी को आमजन के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा की अधिक से अधिक लोग यहां आकर प्रदर्शनी का अवलोकन करे और योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में तेजी के साथ विकास के कार्य हो रहे है। योजनाओं के लाभ से मातृशक्ति स्वावलंबी बन रही है। विधायक ने छठ पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अमित सिंह बने पीएनबी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, शशिकांत श्रीवास्तव मंत्री निर्वाचित

पंजाब नेशनल बैंक प्रोग्रेसिव इम्प्लाइज एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की प्रयागराज इकाई का त्रैवार्षिक अधिवेशन आशीर्वाद गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। इसमें अमित कुमार सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष और शशिकांत श्रीवास्तव को मंत्री चुना गया। अधिवेशन में छह कार्यकाल से अध्यक्ष रहे एसबी राय ने स्वेच्छा से पद छोड़ दिया। शशिकांत श्रीवास्तव वर्ष १९९७ में पहली बार पीएनबी कर्मचारी संघ के मंत्री बने थे, और वर्तमान में भी संगठन के प्रांतीय उपमहामंत्री हैं। अधिवेशन में अशोक कुमार श्रीवास्तव, अजीत कुमार पांडेय और दिलराज उपाध्यक्ष चुने गए। क्षितिज पांडेय संयुक्त मंत्री तथा आयुष गर्ग कोषाध्यक्ष बनाए गए। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघके पदाधिकारियोंका किया स्वागत

पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज मंडल के पचीस सदस्यीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी मे रविशंकर मिश्र को दूसरे कार्यकाल के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं धर्मराज यादव को क्षेत्रीय मंत्री और फूलचंद यादव को जनपद अध्यक्ष, राम अचल पाल को जनपद मंत्री का दायित्व मिलने पर कर्मचारी साथियों ने सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण और मिठाई खिला कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। क्षेत्रीय अध्यक्ष रविशंकर मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि प्रांतीय नेतृत्व के विश्वास एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण कराने पर खरा उतरने की कोशिश सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर करूंगा। निर्वाचित पदाधिकारियों मे सर्वश्री राजेंद्र बाबू केशरवानी क्षेत्रीय संरक्षक,मुकेश कुमार वरिष्ठ क्षेत्रीय उपाध्यक्ष,संजय श्रीवास्तव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी निर्वाचित हुए हैं।

रेलवे प्रशासन चलायेगा त्योहार विशेष गाड़ियां

रेल प्रशासन द्वारा त्योहार सीजन एवं छठ पूजा के पश्चात यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे सहित विभिन्न क्षेत्रीय रेलों द्वारा विशेष गाड़ियों के संचालन तथा कुछ फेस्टिवल स्पेशल गाड़ियों के फेरों में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या ०१९०१ वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष गाड़ी १४ नवम्बर एवं १५ नवम्बर को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से शाम ७.२० बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन तीन बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या ०१९०२ हजरत निजामुद्दीन-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित विशेष गाड़ी १५ एवं १६ नवम्बरको हजरत निजामुद्दीन से ४.२५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन अपरान्ह तीन बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। गाड़ी संख्या ०३२३१ दानापुर-आनंद विहार टर्मिनल एक तरफा पूजा विशेष गाड़ी १७ नवम्बर को दानापुर से दोपहर तीन बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन १२.३० बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। गाड़ी संख्या ०३४३९ मालदा टाउन-शकूरबस्ती विशेष गाड़ी १६ नवम्बर एवं २१ नवम्बर को मालदा टाउन से पूर्वान्ह १० बजे चलकर अगले दिन शाम सात बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या ०३४४० शकूरबस्ती-मालदा टाउन विशेष गाड़ी १७ नवम्बर एवं २२ नवम्बर को शकूरबस्ती से शाम ६.५० बजे प्रस्थान करके तीसरे दिन १.४५ बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या ०४६७४ छेहरटा-बांद्रा टर्मिनस विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस १५ नवम्बर रविवार को छेहरटा से सुबह ८.३५ बजे प्रस्थान करके अगले दिन दोपहर ३.१५ बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या ०४६७३ बांद्रा टर्मिनस-छेहरटा विशेष सुपरफास्ट एक्सप्रेस १६ नवम्बर सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से अपरान्ह ४.३० बजे प्रस्थान करके अगले दिन रात्रि ११.५५ बजे छेहरटा पहुंचेगी।

वहीं उत्तर रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की फेस्टिवल स्पेशल गाड़ियों के फेरों में विस्तार किया गया है। गाड़ी संख्या ०४०५४ नई दिल्ली-हावड़ा विशेष गाड़ी १४, १६ एवं १८ नवम्बर तीन अतिरिक्त फेरे को संचालित किया जाएगा। वापसी में गाड़ी संख्या ०४०५३ हावड़ा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी १६, १८ और २० नवम्बर को पूर्व निर्धारित मार्ग, समय-सारणी एवं ठहराव के अनुसार संचालित किया जाएगा। गाड़ी संख्या ०१६६७ रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी (सोम, शुक्र) के फेरों को १६ से बढ़ाकर २७ नवम्बर तक (०३ अतिरिक्त फेरे) तथा वापसी में गाड़ी संख्या ०१६६८ दानापुर-रानी कमलापति विशेष गाड़ी (मंगल, शनि) के फेरों को १७ से बढ़ाकर २८ नवम्बर तक (तीन अतिरिक्त फेरे) किया जायेगा।

गाड़ी संख्या ०१६६१ रानी कमलापति-दानापुर साप्ताहिक विशेष गाड़ा २५ नवम्बर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या ०१६६२ दानापुर-रानी कमलापति साप्ताहिक विशेष गाड़ी (गुरुवार) २६ नवम्बर तक दो-दो फेरा लगायेगी। गाड़ी संख्या ०९८२३ सोगरिया-दानापुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी (शनिवार) के फेरों को १४ नवम्बर से बढ़ाकर १२ दिसम्बर तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या ०९८२४ दानापुर-सोगरिया साप्ताहिक विशेष गाड़ी (सोमवार) के फेरों को १६ नवम्बर से बढ़ाकर १४ दिसम